# गुरु घासीदास विश्वविद्यालय

(नैक द्वारा "A++" ग्रेड प्राप्त केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी, बिलासपुर–495009 (छ.ग.)
दूरभाष : 07752–260209, फैक्स : 07752–260154
ई–मेल : ggv.registrar@gmail.com, वेबसाईट : www.ggu.ac.in

# Guru Ghasidas Vishwavidyalaya

(A Central University with "A++" Grade Accredited by NAAC)
Koni, Bilaspur-495009 (C.G.)
Phone : 07752-260209, Fax : 07752-260154
E-Mail : ggv.registrar@gmail.com, Website : www.ggu.ac.in


क्रमांक 586/बै.प्र./स्था.स./2025 बिलासपुर, दिनांक : 13-09-2025

**प्रति,**

**समस्त सम्माननीय सदस्यगण**
**All Hon'ble Members**
विद्यापरिषद् की स्थायी समिति,
Standing Committee of Academic Council
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
बिलासपुर (छ.ग.)
Bilaspur (C.G.)

**विषय :–** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 221वीं बैठक दिनांक 13.09.2025 के कार्यवृत्त का प्रेषण।
**Subject :-** Dispatch of minutes of 221th meeting of Standing Committee of Academic Council dated 13-09-2025.

---0---

**महोदय/महोदया,**
**Sir/Madam**

विषयान्तर्गत, दिनांक 13.09.2025 को आयोजित विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 221वीं बैठक का कार्यवृत्त अवलोकनार्थ एवं अभिलेख हेतु संलग्न प्रेषित है।

Under the subject, the minutes of the 221th meeting of the Standing Committee of the Academic Council held on 13-09-2025 is enclosed for perusal and record.

आदेशानुसार/By order,

**कुलसचिव (कार्यवाहक)**/Registrar (Acting)

पृ0 क्रमांक 587/बै.प्र./स्था.स./2025 बिलासपुर, दिनांक : 13-09-2025

**प्रतिलिपि/Copy to :–**

01. कुलपति के सचिव की ओर माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
The Secretary to the VC for the information of the HVC.
02. कुलसचिव के निज सहायक की ओर कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
The PA to the Registrar for inf ormation of the Registrar.
03. निदेशक, आईक्यूएसी/सहायक कुलसचिव–अकादमिक/प्रशासन/विकास/वित्त, प्रभारी विश्वविद्यालय वेब पटल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
Director, IQAC/Assistant Registrar - Academic/Administration/Development/Finance/Incharge University website for information and necessary action.
04. कार्यालय प्रति।
Office Copy.

**कुलसचिव (कार्यवाहक)**/Registrar (Acting)

# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

## विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 221वीं बैठक दिनांक 13.09.2025 का कार्यविवरण

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 221वीं बैठक दिनांक 13.09.2025 को प्रातः 11.00 बजे प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव (कार्यवाहक) ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 आलोक कुमार चक्रवाल, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 शरद चन्द्र श्रीवास्तव | सदस्य |
| 3. | प्रो0 सीमा राय | सदस्य |
| 4. | प्रो0 हरित झा, प्रभारी अधिष्ठाता–अंतरविषयक शिक्षा और अनुसंधान विद्यापीठ | सदस्य |
| 5. | प्रो0 सी.एस. वझलवार | सदस्य |
| 6. | प्रो0 ब्रजेश तिवारी | सदस्य |
| 7. | प्रो0 एस.सी. तिवारी | सदस्य |
| 8. | प्रो0 एच.एस. तिवारी | सदस्य |
| 9. | प्रो0 रामकृष्ण प्रधान | सदस्य |
| 10. | प्रो0 पी.पी. मूर्ति | सदस्य |
| 11. | प्रो0 सुधांशु रंजन मोहापात्रा | सदस्य |
| 12. | प्रो0 बी.डी. मिश्रा | सदस्य |
| 13. | प्रो0 ए.के. दीक्षित, प्रभारी निदेशक–अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ | सदस्य |
| 14. | डॉ0 सुबल दास | सदस्य |
| 15. | डॉ0 गीता मिश्रा | सदस्य |
| 16. | प्रो0 भारती अहिरवार, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी–विकास | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 17. | प्रो0 अमित कुमार सक्सेना, निदेशक, आईक्यूएसी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 18. | प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, अधिष्ठाता–छात्र कल्याण | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 19. | डॉ0 एस.एम. दास, प्रभारी–परीक्षा नियंत्रक | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 20. | प्रो0 बुद्धेश्वर प्रसाद सिंघरौल, वित्ताधिकारी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 21. | प्रो0 एम.एन. त्रिपाठी, समन्वयक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020 | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 22. | डॉ0 ए.के. शर्मा, ग्रंथपाल | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 23. | प्रो0 मनीष श्रीवास्तव, निदेशक, ओडीएल | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 24. | प्रो0 आलोक कुमार सिंह कुशवाहा, निदेशक, एमएमटीटीसी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 25. | प्रो0 आर.के. चौबे, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, यांत्रिकी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 26. | डॉ0 गणेश प्रसाद शुक्ला, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी–भण्डार | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 27. | प्रो0 ए.एस. रणदिवे, कुलसचिव (कार्यवाहक) | सचिव |

निम्नानुसार सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके :–

1. डॉ0 एम.एस. धपोला

बैठक के प्रारम्भ में कुलपति महोदय द्वारा प्रेरणादायी उद्‌बोधन दिया गया तथा कुलपति महोदय ने अपने उद्‌बोधन में विश्वविद्यालय के सभी सदस्यों को मिल–जुल कर कार्य करने एवं विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। तदोपरान्त निम्नलिखित विषयों पर चर्चा उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिये गये :–

Ranadive
13-09-2025

13/09/2025

**विषय क्र.01** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 220वीं बैठक दिनांक 06.09.2025 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार करना।**

निर्णय :– निर्णय लिया गया कि विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 220वीं बैठक दिनांक 06.09.2025 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि विषय क्रमांक–6 में लिये गये निर्णय में शब्द "दोनो विद्यार्थियों" के स्थान पर "विद्यार्थी" अंकित किया जाय एवं आवश्यक स्थान पर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र अंकित किया जाय।

**विषय क्र. 02** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 220वीं बैठक दिनांक 06.09.2025 के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन करना।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने स्थायी समिति की 220वीं बैठक दिनांक 06.09.2025 के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की एवं कृत कार्यवाही की पुष्टि की।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि विषय क्रमांक–6 में उपरोक्त निर्णय को समाहित कर लिया जाय।

**विषय क्र. 03.** **संस्कृत अध्ययन केन्द्र के संचालन हेतु डॉ0 नेहा मिश्रा की पदस्थापना की पुष्टि पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि संस्कृत अध्ययन केन्द्र के संचालन हेतु डॉ0 नेहा मिश्रा की पदस्थापना संबंधी प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय एवं कृत कार्यवाही की पुष्टि की जाय।

**विषय क्र. 04.** **GGV-DACE (डॉ0 अंबेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) योजना और इसके नाम में परिवर्तन से संबंधित आपत्ति ज्ञापन पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि GGV-DACE (डॉ0 अंबेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) योजना और इसके नाम में परिवर्तन से संबंधित प्राप्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि GGV-DACE (डॉ0 अंबेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) योजना का नाम परिवर्तित कर जीजीवी प्रतिस्पर्धी परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र रखा जाय।

**विषय क्र. 05.** **फार्मेसी विभाग में संचालित– डी.फार्म. भाग–1 एवं भाग–2 (नवीन पाठ्यक्रम) के लिये प्रस्तावित अकादमिक कैलेण्डर सत्र 2025–26 के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि फार्मेसी विभाग में संचालित– डी.फार्म. भाग–1 एवं भाग–2 (नवीन पाठ्यक्रम) के लिये प्रस्तावित अकादमिक कैलेण्डर सत्र 2025–26 का अनुमोदन किया जाय।

**विषय क्र. 06.** **महिला अध्ययन केन्द्र द्वारा प्रस्तावित सर्टिफिकेट कार्यक्रम के प्रस्ताव एवं अध्यादेश प्रारूप पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने महिला अध्ययन केन्द्र द्वारा प्रस्तावित निम्नानुसार सर्टिफिकेट कार्यक्रम के लिए प्रस्तुत प्रस्ताव एवं अध्यादेश प्रारूप को अनुमोदित किये जाने का निर्णय लिया–

1. Certificate Course in Women, Law and Gender Justice.
2. Certificate Course in Community Based Participatory Research.

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि यह Certificate Course पूर्णतः स्ववित्त पोषित होंगे।



Ranadive
13-09-2025

13/09/2025

**विषय क्र. 07. National Council for Vocational Education and Training (NCVET) नई दिल्ली के अंतर्गत विभिन्न विभागों से प्राप्त पाठ्यक्रमों के अनुमोदन एवं Review समिति को अग्रेषण पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि National Council for Vocational Education and Training (NCVET) नई दिल्ली के अंतर्गत विभिन्न विभागों से प्राप्त पाठ्यक्रमों एवं प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि प्रस्तावित पाठ्यक्रमों की जानकारी एनसीवीईटी, नई दिल्ली को प्रेषित किया जाय।

**विषय क्र. 08. विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् 1000 छात्रों को शुरूआत में निःशुल्क नास्ता उपलब्ध कराने तथा इस योजना के नामकरण पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् 1000 छात्रों को शुरूआत में निःशुल्क नास्ता उपलब्ध कराने संबंधी प्रस्तुत योजना का अनुमोदन किया जाय। इस योजना के लिए विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की जायेगी, अपितु यह योजना दान में प्राप्त हुई धनराशि से संचालित की जायेगी।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि कुलसचिव के खाते में प्राप्त दान की धनराशि से रूपये 20 लाख प्रारम्भिक रूप में योजना के क्रियान्वयन के लिए आबंटित किया जाय।

स्थायी समिति ने यह और भी निर्णय लिया कि उक्त योजना का नाम **"जीजीवी सुबह की मुस्कान"** रखा जाय।

स्थायी समिति ने यह और भी निर्णय लिया कि उक्त योजना के सुचारू संचालन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाय। नोडल अधिकारी नामित किये जाने हेतु कुलपति महोदय अधिकृत रहेंगे। तथापि नोडल अधिकारी नामित किये जाने तक उक्त योजना के संचालन हेतु एनएसएस समन्वयक नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे।

स्थायी समिति ने यह और भी निर्णय लिया कि उपरोक्त उल्लेखित योजना के अंतर्गत जलपान की व्यवस्था निर्धारित दरों पर विश्वविद्यालय कैफेटेरिया द्वारा होगी तथापि योजना के पूर्ण संचालन हेतु पृथक से मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) का प्रारूप स्थायी समिति के समक्ष पृथक से प्रस्तुत किया जाय।

**विषय क्र. 09. गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं Erkey Moters India Pvt. Ltd., Bilaspur के बीच समझौता ज्ञापन पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं Erkey Moters India Pvt. Ltd., Bilaspur के बीच प्रस्तावित समझौता ज्ञापन का अनुमोदन किया जाय।

**विषय क्र. 10. गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं M/s Bharat Sanchar Nigam Limited (A Govt. of India Enterprises), Bilaspur के बीच समझौता ज्ञापन पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं M/s Bharat Sanchar Nigam Limited (A Govt. of India Enterprises), Bilaspur के बीच प्रस्तावित समझौता ज्ञापन का अनुमोदन किया जाय।

Ranadive
13-09-2025

13/09/2025

**विषय क्र. 11.** **गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं Dr. P.K. Education (Dr. P.K. Classes) के बीच समझौता ज्ञापन पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं Dr. P.K. Education (Dr. P.K. Classes) के बीच प्रस्तावित समझौता ज्ञापन को स्थगित रखा जाय।

**विषय क्र. 12.** **गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं Deep Query (An Enterprise of Presear Softwares Pvt. Ltd.), Bilaspur के बीच समझौता ज्ञापन पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं Deep Query (An Enterprise of Presear Softwares Pvt. Ltd.), Bilaspur के बीच प्रस्तावित समझौता ज्ञापन का अनुमोदन किया जाय।

**विषय क्र. 13.** **गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं Seventh Sense Talent Solutions, Bangalore के बीच समझौता ज्ञापन पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं Seventh Sense Talent Solutions, Bangalore के बीच प्रस्तावित समझौता ज्ञापन का अनुमोदन किया जाय।

## अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण

**अ.अ.वि.क्र .01** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष गुरू घासीदास विश्वविद्यायल, बिलासपुर की सीसीटीवी नीति का प्रारूप प्रस्तुत किया गया। प्राप्त नीति प्रारूप पर विचार करते हुए स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तावित सीसीटीवी नीति प्रारूप का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि पॉलिसी के अनुसार गठित Governance Board की बैठक आवश्यकतानुसार करते हुए प्रति तीन माह में प्रतिवेदन सक्षम अधिकारी/प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाय।

**अ.अ.वि.क्र .02** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष ओडीएल, ऑनलाईन पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु पेशेवर तकनीकि सेवाओं के आउटसोर्सिंग के लिए अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित किये जाने निविदा दस्तावेज प्रारूप प्रस्तुत किया गया। प्राप्त प्रस्ताव पर विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि (EOI) के लिए प्रस्तुत निविदा प्रारूप का अनुमोदन किया जाय एवं ओडीएल, ऑनलाईन पाठ्यक्रमों के संचालन का कार्य आउटसोर्सिंग माध्यम से सम्पन्न किया जाय।

माननीय अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

13-09-2025

कुलसचिव (कार्यवाहक)/सचिव

13/09/2025

कुलपति/अध्यक्ष